Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to facilitate and expedite payment of outstanding amount to investors of Pearls Agrotech Corporation Limited.

श्री सुभाष चन्द्र बहेड़िया (भीलवाड़ा): मैं सरकार का ध्यान इस ओर आकर्षित करना चाहता हूँ कि पी.ए.सी.एल. (पर्ल्स एग्रोटेक कॉर्पोरेशन लि.) में करोड़ों निवेशकों (5 करोड़ 85 लाख) का भुगतान अटक गया है। ये गरीब एवं किसान व मजदूर वर्ग से आते हैं। भारतीय प्रतिभूति और विनियम बोर्ड ने भुगतान की दिशा में कदम उठाये तथा इसके द्वारा 2500/- (दो हजार पांच सौ रुपये) तक के भुगतान के लिए जनवरी 2018 में प्रार्थना-पत्र आमंत्रित किये थे। लेकिन आज दिनांक तक एक भी निवेशक को एक रुपये का भुगतान भी नहीं मिला है। सरकार की मंशा चूंकि निवेशकों को भुगतान दिलाने की है। इसलिए मैं यह आग्रह कर रहा हूँ कि इसके लिए गठित माननीय सेवानिवृत्त न्यायाधीश आर.एम.लोढा कमेटी द्वारा पी.ए.सी.एल. की सम्पत्तियों को बेचने की जो कार्यवाहीकी जा रही है उसमें शीघ्रता की जाये एवं प्राप्त राशि से निवेशकों का भुगतान किया जाये। सेबी ने पी.ए.सी.एल. की लगभग 26500 परिसम्पत्तियों को अटैच किया है। इनकी कीमत निवेशकों के भुगतान से कहीं गुणा अधिक है। लगभग 26000 सम्पत्तियां बिक्री के लिए भी रखी गई हैं। माननीय वित्त मंत्री महोदय से आग्रह करता हूँ कि इस कार्य में तेजी लाकर करोड़ों निवेशकों को राहत प्रदान करने की कृपा करायें।